प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

ई–मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

पत्रॉकः प्राशिप/अनु0–06/नव0 23–24/ 6189 लखनऊः दिनॉकः 14.12.2023

विषयः विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर, परीक्षा दिसम्बर 2023 में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भराये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि परिषद द्वारा विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर 2023 की परीक्षायें दिनांक 27/12/2023 से प्रारम्भ होना निर्धारित है। विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर 2023 में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भराये जाने हेतु तिथि 18/12/2023 से 22/12/2023 तक अन्तिम रूप से निर्धारित की गयी है। अतः प्राथमिकता के आधार पर छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदनपत्र भराये जाने की कार्यवाही समयान्तर्गत करना सुनिश्चित करें। यदि कोई भी छात्र/छात्रा परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

यहॉ यह भी अवगत कराना है कि जिन छात्र/छात्राओं का सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा, जून 2023 के पुनर्मूल्यांकन का परीक्षा परिणाम अभी घोषित नही हुआ हैं उनके पुनर्मूल्यॉकन से संबंधित विषय, परीक्षा फार्म में बैक पेपर में प्रदर्शित होंगे एवं पुनर्मूल्यॉकन परीक्षा का परिणाम घोषित होने के पश्चात यदि पुनर्मूल्यॉकन से संबंधित बैक पेपर क्लियर हो जाता है तो छात्र/छात्राओं के एटमिट कार्ड में पुनर्मूल्यॉकन से सम्बन्धित विषय को बैक पेपर से हटा दिया जायेगा। चूँकि परीक्षा प्रारम्भ होने में बहुत ही अल्प समय बचा है। अतः किसी भी दशा में परीक्षा फार्म की तिथि विस्तारित नही की जायेगी।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0 स0ः प्राशिप/अनु0–06/नव0 23–24/ 6190-92 तद् दिनॉकः 14/12/2023

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र, बुन्देलखण्ड क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं के संस्था प्रधानाचार्य का अपने स्तर से निर्देशित करना चाहें।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त की सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।